# गणतंत्र दिवस पर हिंदी में निबंध

भारत में ब्रिटिश शासन (British rule) का अंत होने के बाद से देश में स्वतंत्रता दिवस(Independence Day) और गणतंत्र दिवस (Republic day) विशेष त्यौहारों का आयोजन किया जाता है। इन्हें हम हर साल राष्ट्रीय त्यौहार के तौर पर मनाते हैं। 15 अगस्त का त्यौहार स्वतंत्रता मिलने की खुशी में और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 26 जनवरी के दिन देश के राष्ट्रपति द्वारा भारत का झंडा फैहराया जाता है। साल 2023 शुरु हो गया है और साल की शुरुआत में ही देश का सबसे बड़ा दिन यानि की गणतंत्र दिवस जोरो शोरो से मनाया जाएगा। इस दिन के उपलक्ष्य में स्कूल और कॉलेजों में अक्सर विध्यार्थियों को निबंध लिखने के लिए कहा जाता है, ऐसे में अगर आप भी 26 जनवरी यानि की गणतंत्र दिवस के दिन के लिए निबंध लिखना चाह रहे है पर आपको समझ नहीं आ रहा है कि शुरुआत कैसे करें, तो इसमें ये  लेख आपके लिए काफी मदद कर सकता है। इस को हमने कई बिंदूओं के आधार पर तैयार किया है, इस लेख को हमने गणतंत्र दिवस पर हिंदी में निबंध,Gantantra diwas Essay in Hindi, गणतंत्र दिवस निबंध हिंदी में 15 लाइन,Gantantra diwas par 10 line,Gantantra diwas Essay in Hindi PDF के साथ तैयार किया है। एक बहतरीन निबंध को लिखने के लिए इस लेख को अंत कर पढ़े

## गणतंत्र दिवस का इतिहास I history of republic day

भारत में 26 जनवरी का विशेष महत्व है। इस दिन हमारे देश का संविधान (Constitution) लागू हुआ था। यह दिवस हमारे लिए लोकप्रिय राष्ट्रीय पर्व बन गया है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम (Indian freedom struggle) का इतिहास बहुत लंबा है। 26 जनवरी का दिन संघर्ष में नया मोड़ देने वाला पॉइंट है। सन 1929 तक स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी औपनिवेशक स्वराज्य की मांग कर रहे थे, किंतु जब अंग्रेज किसी भी तरह इसके लिए तैयार नहीं हुए, तब अखिल भारतीय कांग्रेस(All India Congress) के उन दिनों के अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू (Pandit jawaharlal Nehru) ने अपने विचारों एवं बलवत्ता का परिचय देते हुए लाहौर के पास रावी नदी (Ravi River) के तट पर घोषणा की थी कि, यदि ब्रिटिश सरकार (british government) औपनिवेशिक स्वराज्य देना चाहें, तो 31 दिसंबर 1929 से लागू होने की स्पष्ट घोषणा करे।
1 जनवरी 1930 से हमारी मांग पूर्ण स्वाधीनता होगी। इस घोषणा के बाद 26 जनवरी 1930 को कांग्रेस द्वारा तैयार किया हुआ प्रतिज्ञा-पत्र पढ़ा गया। इसी पूर्ण स्वतंत्रता के समर्थन में 26 जनवरी 1930 को सारे देश में तिरंगे के नीचे जुलूस निकाले गए और सभाएं की गईं।
स्वतंत्रता दिवस (Independence Day) का महत्व 15 अगस्त को हो गया, लेकिन 26 जनवरी फिर भी अपना महत्व रखती है। भारतीयों ने इसके गौरव को स्थिर रखने के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद (Dr. Rajendra Prasad) की अध्यक्षता में देश के नेताओं द्वारा बनाए गए विधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया । इस दिन भारत में प्रजातांत्रिक शासन की घोषणा की गई। भारतीय संविधान में देश के सभी नागरिकोंको समान अधिकार दिए गए।

# गणतंत्र दिवस निबंध हिंदी में 15 लाइन

- गणतंत्र दिवस हर साल 26 जनवरी को मनाया जाता है।
- 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान (Indian Constitution) लागू किया गया था।
- 26 जनवरी 1950 के बाद हम एक गणराज्य माने जाते हैं।
- भारत का संविधान पूरे विश्व में सबसे बड़ा माना जाता है।

- संविधान हमें मौलिक अधिकार और स्वाभिमान से जीने की आजादी देता है।
- आजादी के दौरान डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर (Dr. Babasaheb Ambedkar) संविधान निर्माता समिति के अध्यक्ष थे।
- भीमराव अंबेडकर को “संविधान के मुख्य वास्तुकार” के रूप में सम्मानित किया गया था।
- इस दिन एक विशाल परेड का आयोजन किया जाता है।
- हर सरकारी और प्राइवेट संस्थाओं में राष्ट्रीय गान गाया जाता है।
- इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति (President) लाल किले (Red Fort) से देश को संबोधित करते हैं।
- इस पूरे आयोजन को भारत के राष्ट्रीय चैनल पर प्रसारित किया जाता है।
- राष्ट्रपति द्वारा तिरंगा झंडा (tricolor flag) फहराने के बाद राष्ट्रगान (national anthem) गाया जाता है।
- इस दिन राष्ट्रीय सम्मान वितरित किए जाते हैं।
- 26 जनवरी को ही भारत को गणराज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था।
- हम सभी को संविधान के नियमों का पालन करना चाहिए।

## गणतंत्र दिवस निबंध हिंदी में

हर साल 26 जनवरी को भारत की जनता अपने इस प्यारे राष्ट्रीय पर्व को मनाती है। इस दिन पाठशालाएं, कॉलेज, ऑफिस, बाजार बंद रहते हैं। लोग बड़े उत्साह से ध्वजवंदन के प्रोग्राम में भाग लेते हैं। राष्ट्रीत गाते समय सबके हृदय में राष्ट्रप्रेम उमड़ पड़ता है। भारत के सैकड़ों नगरों तथा लाखों गांवों में इस दिन देशप्रेम और राष्ट्रीयता की नई लहर पैदा करता है।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को हमारे राष्ट्रपति (President) दूरदर्शन पर राष्ट्र के नाम अपना संदेश प्रसारित करते हैं। इस संदेश में वे देश से जुड़ी हुई समस्याओं की चर्चा करते हैं और देशवासियों तथा विदेशों में बसे भारतीयों का अभिनंदन करते हैं। सभी लोग अपने घरों में परिवार के साथ राष्ट्रपति का संदेश सुनते हैं।

### गणतंत्र दिवस के दिन अद्भुत कार्यक्रम

इस दिन सभी लोग अपने मकानों की खिड़कियों पर छोटे-छोटे तिरंगे लगाते हैं, जिसकी शोभा दर्शनीय होती है। जगह-जगह ध्वज वंदन के प्रोग्राम की धुन सुनाई देती है। स्कूलों और कॉलेजों में राष्ट्रध्वज फहराने के साथ ही तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम होते हैं। आकाशवाणी के द्वारा इस दिन एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता है।

भारत की राजधानी दिल्ली (Delhi) में यह समारोह विशेष उत्साह से मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को राष्ट्रपति देश के नाम संदेश प्रसारित करते हैं। गणतंत्र दिवस की सुबह शहीद ज्योति के अभिवादन से कार्यक्रम की शुरुआत होती है। प्रधानमंत्री सुबह ही इंडिया गेट पर शहीद ज्योति जलाकर उसका अभिनंदन करके राष्ट्र की ओर से शहीदों को श्रध्दांजलि अर्पित करते हैं।

## गणतंत्र दिवस पर 10 लाइन

1. इस दिन दिल्ली में विदेश से आए अतिथि हमारे राष्ट्र की ताकत और शौर्य को देखते हैं।
2. इस दिन दिल्ली में थल सेना, वायु सेना और नौ सेना द्वारा परेड निकाली जाती है।
3. सेना के जवान की विशेष टुकड़ी बैंड बजाकर अलग-अलग धुन निकालती है।
4. स्कूलों, कॉलेजों में भाषण, गायन, नृत्य का आयोजन किया जाता है।
5. राज्य स्तर पर भी नेताओं और अधिकारियों के द्वारा झंडा फहराया जाता है।
6. इस दिन हम अपने महान नायकों को याद करते हैं।
7. गणतंत्र दिवस एकता और अखंडता का प्रतीक है।
8. गणतंत्र हमें अपने कर्तव्य और अधिकार की आजादी देता है।
9. संविधान के प्रति सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है।
10. भारतीय सेना इस दिन अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हैं।